Second Semester Internal Examination, February 2026

AEC- 4 Course in HINDI

HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN KA VIKAS – BHAG II

HIN2FA104(1)

Time: 1 Hr | Max Marks: 30

Name:	Marks Scored	Section A		Total Marks
		Section B		
Class:		Section C		

Section A

(Each question carries 2 marks, Max marks for section – 8)

1. वर्तमान काल के कितने भेद हैं? नाम लिखिए।
2. 'साधु सीप समुंद के, सतगुरु स्वाती बूंद।
   तृषा गई इक बूंद से, क्या लौं करौं समुंद ॥'
   दोहे की व्याख्या कीजिए।
3. (i) 'नदी के द्वीप' किसकी कविता है?
   (ii) कविता में 'नदी' और 'द्वीप' किन-किन के प्रतीक हैं?
4. निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानिए।
   (i) लड़का बाहर बैठा था।
   (ii) मोहन कल दिल्ली जाएगा।
5. 'अब कैसे बताऊँ प्रभु-क्योंकि
   आपको तो प्यास कभी लगती नहीं।'
   यहाँ प्रभु आम नागरिकों की समस्याओं से क्यों अनजान रहते हैं? व्यक्त कीजिए।

Section B

(Each question carries 6 marks, Max marks for section – 12)

6. भूतकाल के छह भेद उदाहरण सहित व्यक्त कीजिए।
7. 'अपने घर की तलाश में' कविता के द्वारा निर्मला पुतुल स्त्री की अस्मिता के संबंध में क्या कहना चाहती है?
8. 'समय, अँधेरे में हाथ थामने,

   सुनसान में गुनगुनाहट भरने,

   सहारा देने, धीरज बँधाने

   अडिग रहने, साथ चलने और लड़ने का

   कोई भूला-बिसरा पुराना गीत तुम्हें याद हो

   तो समय, गाओ

   ताकि यह समय,

   यह अँधेरा,

   यह भारी असह्य समय कटे !'

   कवि यह समय क्या-क्या अनुरोध करते हैं?

Section C

(Answer any one question, Each question carries 10 marks)

9. 'नदी के द्वीप' कविता के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं? कविता की व्याख्या कीजिए।
10. 'प्रोग्रामिंग' कहानी को ध्यान में रखकर बदलते समाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानवीय संवेदना के संबंध में निबंध लिखें।